दूरभाष सं0 : 9193320444

Email.Id: edcgzb@gmail.com
CIN NO.: U31200UP2003SGC027458

कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
विद्युत वितरण मण्डल,
हाइडिल कॉलोनी, कविनगर,गाजियाबाद।

पत्रांक: 478 /वि0वि0मं0/गा0बाद/ दिनांक : 11/03/24

विषय :– विज्ञापन आदेश।

विज्ञापन व्यवस्थापक,
अमर उजाला
दिल्ली संस्करण।

विज्ञापन व्यवस्थापक
विराट वैभव,
दिल्ली संस्करण।

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 12.03.2024 के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिये 8–10 प्वाइन्ट टाइप में केवल एक कॉलम में समाचार पत्र के रनिंग मेटर में प्रकाशित करें। हैंडिग के नीचे का नाम व पता यथासंभव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से क़म स्थान में प्रकाशित करें। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 को **B/W** पट्टी तथा बोल्ड शब्दों में फोन्ट साइज–14 में तथा लोगो 1 **Sq.cm** में प्रकाशित किया जाये।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनायें जैसे बिजली बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचना, बिजली बिलों के संबध में सूचना आदि का प्रकाशन यथासम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर कराने की व्यवस्था करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियॉं संलग्न करते हुए भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0, मेरठ को प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान संभव नहीं होगा ।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये । हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा संबधित बीक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा ।
5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन दृष्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में "राष्ट्हित में बिजली बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिंनाक अवश्य प्रकाशित करें ।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढ़ग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

1. विज्ञापन आदेश की प्रथम एवं द्वितीय प्रति
2. विज्ञापन सामग्री।

अधीक्षण अभियन्ता
वि0वि0मं0 गा0बाद

पंत्राक : /वि0वि0मं0/गाजियाबाद/विज्ञापन/तद्दिनांक–
प्रतिलिपि निम्नलिखित को विज्ञापन सामग्री सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विधुत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
2. मुख्य अभियन्ता (वि0) गाजियाबाद क्षेत्र, निकट 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र राजनगर, गाजियाबाद।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ।
4. नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता
वि0वि0मं0 गा0बाद।

# पश्चिमॉचल विद्युत वितरण निगम लि0

## अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

**अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–92/2023-24/EDC/GZB–** विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के अर्न्तगत देवी मन्दिर रोड डासना में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) में 432 भवनों के बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। **निविदा धरोहर धनराशिः–83000.00**

**अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–93/2023-24/EDC/GZB–** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अर्न्तगत ग्राम निवाड़ी में प्रधानमंत्री आवासीय योजना (शहरी) में 528 भवनों के बाह्य विद्युतीकरण का कार्य। **निविदा धरोहर धनराशिः–127100.00**

**अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–94/2023-24/EDC/GZB–** नवसृजित कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण), गाजियाबाद क्षेत्र–द्वितीय, गाजियाबाद हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराने का कार्य। **निविदा धरोहर धनराशिः–2000.00**

**अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–95/2023-24/EDC/GZB–** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के कार्यक्षेत्र में 33 के0वी0, एक्सएलपी केबिल को क्षतिग्रस्त होने पर फॉल्ट लॉकेट कराने, स्टेट थ्रू, इन–डोर, आऊट–डोर केबिल बॉक्स (ज्वाईटिंग किट) भरने का कार्य। **निविदा धरोहर धनराशिः–2000.00**

**अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः–96/2023-24/EDC/GZB–** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पर स्थापित वी0सी0बी0 में समय–समय पर दोष उत्पन्न होने के कारणों से कुशल संचालन व विद्युत आपूर्ति बनाये रखने हेतु वी0सी0बी0 की मरम्मत सामग्री सहित करने का कार्य। **निविदा धरोहर धनराशिः–2000.00**

उपरोक्त ई–निविदा को https://etender.up.nic.in पर दिनांक 27.03.2024 को 12:00 बजे तक भरा जा सकता है तथा 27.03.2024 को 16:00 बजे एवं उसके पश्चात खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये समस्त अथवा किसी भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना केवल https://etender.up.nic.in एवं निगम की वेबसाईट www.pvvnl.org पर डाली जायेगी। अन्य किसी जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाईट को नियमित देखें।

अधीक्षण अभियन्ता, वि0वि0मं0, गा0बाद।

'राष्ट्र हित मे बिजली बचाये'